प्रदेश का बजट : विकास और कल्याण का आधार : मंत्री काश्यप

नवभारत न्यूज

रतलाम। मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प के साथ सर्व वर्ग के कल्याण की भावना पूरी करने वाला बजट प्रस्तुत किया है।

भाजपा द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन

प्रदेश को अंतरिक्ष विज्ञान के नवीन क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश स्पेसटेक नीति 2026 का प्रभावी क्रियान्वयन प्रस्तावित है। साथ ही लाड़ली बहनों के लिए 23,883 करोड़ का प्रावधान भी है। यह बजट 'ज्ञानी' अर्थात जी-गरीब कल्याण, वाय-युवा शक्ति, ए-अन्नदाता, एन-नारी शक्ति के साथ आई-इन्फ्रास्टचर और आई-इण्डस्ट्री को समर्पित है। सिंहस्थ महापर्व के लिए 3,600 करोड़ का प्रावधान कर पहली बार आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना बनाते हुए उसके बजट का आंकलन किया गया है। प्रदेश की जीएसडीपी में गत वर्ष से 12 प्रतिशत की वृद्धि उत्साहजनक है।

यह बात कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। वे प्रदेश सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर जिला भाजपा द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, सह प्रभारी निलेश बाफना मंचासीन रहे। श्री काश्यप ने मध्यप्रदेश के बजट पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 2026-2027 के लिए 4.38 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया, जो कि वितीय वर्ष 2025-2026 के 4.21 लाख करोड़ की तुलना में लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। आगामी वर्ष में राजकोषीय घाटा 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सरकार द्वारा कर्ज लिये जाने की प्रक्रिया पर बेबुनियाद सवाल उठाए जाते हैं जबकि कर्ज हमेशा पूंजी बढ़ाने के लिए काम में आता है और मध्यप्रदेश सरकार निर्धारित मापदण्ड अनुसार ही कर्ज ले रही है।

श्री काश्यप ने बताया कि बजट में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ वर्ग कि लिए 1691 करोड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए 2857 करोड का प्रावधान है, तो आबादी भूमि पर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत 46 लाख 63 हजार परिवारों को 50,000 करोड़ मूल्य की आबादी भूमि पर मालिकाना हक दिया जा चुका है। सरकार ने इस भूमि की रजिस्ट्री संबंधित परिवार के पक्ष में कराने और स्टाम्प ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क का संपूर्ण व्यय वहन करने हेतु 3800 करोड़ का प्रावधान किया है। लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 के अंतर्गत 1801 करोड़ का प्रावधान और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के अंतर्गत 23,883 करोड़ का प्रावधान किया है। यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना में 8 तक के प्रत्येक विद्यार्थी को अतिरिक्त पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से दुग्ध पैकेट वितरित किए जाएंगे।

हर विधानसभा में एक औद्योगिक क्षेत्र होगा विकसित

मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि बजट में एमएसएमई को पर्याप्त बजट मिला है और पिछले वर्ष में उसकी कोई देयता बाकी नहीं है। प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन की स्थापना के साथ पीएम मित्र पार्क और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों का विकास जारी है। सरकार प्रत्येक विधानसभा में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करना चाहती है और इसके लिए 80 क्षेत्र चिन्हित हुए हैं, जहां योजना बनायी जा रही है। कृषि क्षेत्र में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा 5 एच.पी. तक के कृषि पंप/प्रेशर तथा एक घरेलू कनेक्शन को नि:शुल्क विद्युत उपलब्ध कराने हेतु प्रतिपूर्ति के अंतर्गत 5276 करोड़ प्रावधान किया गया है। दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत 335 करोड़ का प्रावधान, समर्थन मूल्य पर किसानों में फसल उपार्जन पर बोनस भुगतान हेतु 150 करोड़ का प्रावधान, सहकारी बैंक के माध्यम से कृषकों को आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के अंतर्गत 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के अंतर्गत किसानों के लिए 3,000 करोड़ की लागत से सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध होंगे। पशुपालन के लिए 2364 करोड़, गौ-संवर्धन एवं पशुओं संवर्धन के लिए 620 करोड़ 50 लाख तथा मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के लिए 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

बे-मौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी, गेहूं-लहसुन सहित रबी फसलें प्रभावित

नवभारत न्यूज

नामली। मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार रात्रि से

तेज हवा और बारिश से फलसें पड़ी आड़ी

शुरू हुई बूंदाबांदी शुक्रवार को तेज बारिश में तब्दील हुई। लगातार बारिश ने गेहूं, लहसुन, मटर, राईडा सहित रबी की फसलें को नुकसान पहुंचाया हैं। खेतों में खड़ी फसलें बारिश और पानी भराव के कारण आड़ी पड़ गई, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। कई स्थानों पर गेहूं की बालियां जमीन पर बिछ गईं तो लहसुन की फसल में सड़न की स्थिति बन गई है। किसानों का कहना है कि गत वर्ष भी अधिक वर्षा के कारण प्राकृतिक आपदा से फसलें नष्ट हो चुकी थीं। इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन बे-मौसम बारिश ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया। क्षेत्र के कांग्रेस जिला समन्वयक भारत जोड़ो यात्रा एवं किसान नेता बंटी डाबी ने किसानों के खेतों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान किसान ईश्वरलाल कुमावत के खेत में करीब 10 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह खराब पाई गई।

मावठे की बारिश से फसल नुकसान का आंकलन जारी

मावठे की बारिश से हुई फसल क्षति का आंकलन करने के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा लगातार मौके पर जाकर निरीक्षण किया जा रहा है। जिले की सभी तहसीलो में संयुक्त दल द्वारा भ्रमण कर फसल क्षति का आंकलन किया गया। दल सभी गांवो का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण करेगा एवं फसल की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को तहसीलदार के माध्यम से प्रेषित की जाएंगी। दल ने जिले के कई ग्रामों में पहुंचकर। फसल का निरीक्षण किया।

एक नजर में

ब्लिंक कॉमर्स पर बिक रही थी एक्सपायरी चना दाल

रतलाम। ब्लिंक कॉमर्स प्रा लि रतलाम पर एक्सपायरी डेट के समान विक्री की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देश पर 20 फरवरी को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने फर्म ब्लिंक कॉमर्स प्रा लि अकबरी रोड का निरीक्षण किया। मौके पर निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी डेट की टू स्टोरी ऑर्गेनिक चने की दाल का विक्रय होना पाया गया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता द्वारा ऑर्गेनिक चने की दाल एवं केरला बनाना चिप्स के नमूने जांच हेतु लिये जाकर एक्सपायरी डेट के खाद्य सामग्री के विक्रय का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही फर्म गायत्री इंटरप्राइजेज से प्रयाग घी एवं किंग घी के नमूने, मां अन्नपूर्णा ट्रेडर्स कस्तूरबा नगर से घी एवं पोहा के नमूने लिये गये। फार्म केसरिया ट्रेडर्स से बेली सुपारी का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। फर्म गगन बेकरी काटजू नगर से क्रीम रोल, अजवायन फ्लेवर, कोकोनट पाउडर और फिनोलेक्स के नमूने लिए गए। गगन बेकरी पर गंदगी में खाद्य सामग्री निर्माण होते पाया गया जिस पर विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी प्रकार ताल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा एवं प्रीती मंडोरिया द्वारा ताल में कार्यवाही करते हुए बस स्टैंड ताल स्थित भेरुनाथ आईसक्रीम सेंटर से बादाम शेक, आलोट नाका ताल स्थित जय श्री कृष्णा पानीपुरी सेंटर, लवयांशी पानीपुरी एवं नीम चौक स्थित लक्ष्मी पानी पतासे से पानीपुरी के पानी के नमूने लिए गए। आलोट नाका ताल स्थित ओम ट्रेडर्स से तुवर दाल, चना दाल, मूंग दाल तथा हरिनारायण सूरजमल किराना से मसूर दाल, उड़द दाल एवं नमक के नमूने लिए गए सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सभी खाद्य संस्थानो को गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों के संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए। आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

नायब तहसीलदार न्यायालय प्रवाचको की दो-दो वेतनवृद्धि रोकी

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा कार्यालय तहसीलदार, तहसील रतलाम ग्रामीण के औचक निरीक्षण के दौरान शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के कारण प्रवाचक, न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा बिलपांक रामबाबु पंवार, एवं प्रवाचक, न्यायालय तहसीलदार देवांशु सांकले की दो-दो वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है।

विधायक डोडियार ने मंत्री विजयवर्गीय को सौंपा डेढ़ करोड़ का मांग पत्र

सैलाना। विधायक कमलेश्वर डोडियार ने भोपाल में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात कर नगरीय क्षेत्र में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लिए मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने प्रस्तावों पर सहमति जताते हुए स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। डोडियार ने मांग पत्र में बताया कि सैलाना नगर में पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या बनी हुई है। साथ ही नागरिक सुविधाओं के संचालन हेतु नगर पालिका भवन अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है। नगर में शव वाहन की भी गंभीर समस्या है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल आपूर्ति सुधार के लिए नगर के 15 वार्डों में ट्यूबवेल एवं मोटर उपकरण स्थापित करने हेतु 21,75,000 रुपये की मांग की गई है। नगर के लिए 8,00,000 रुपये की लागत से एक शव वाहन उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव रखा गया है। इसके अतिरिक्त नवीन नगर पालिका भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 17 लाख रुपये तथा वार्ड क्रमांक 2 में परिषद की खाली पड़ी भूमि पर पार्क निर्माण के लिए 3 लाख रुपये स्वीकृत करने की मांग की गई है। इस मौके पर वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत मांडोत भी मौजूद थे।

एसआईआर :निर्वाचन नामावली की अंतिम सूची प्रकाशित, जिले में कुल 1084057 मतदाता

नवभारत न्यूज

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत रतलाम जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से फोटो युक्त निर्वाचन नामावली कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव के आदेशानुसार 21 फरवरी को विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 219- रतलाम ग्रामीण (अ.ज.जा) में 106328 पुरुष मतदाता, 106617 महिला मतदाता, 12 अन्य मतदाता, कुल 212957 मतदाता हैं।

विधानसभा क्षेत्र 220- रतलाम शहर में 100829 पुरुष मतदाता, 101432 महिला मतदाता, 6 अन्य मतदाता, कुल 202267 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 221- सैलाना (अ.ज.जा) में 105035 पुरुष मतदाता, 107555 महिला मतदाता, कुल 212590 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 222- जावरा में 117591 पुरुष मतदाता, 117249 महिला मतदाता, 8 अन्य मतदाता, कुल 234848 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 223- आलोट (अ.जा) में 112279 पुरुष मतदाता, 109106 महिला मतदाता, 10 अन्य मतदाता, कुल 221395 मतदाता है।

इस प्रकार रतलाम जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र में कुल 1084057 मतदाता है जिसमें 542062 पुरुष मतदाता, 541959 महिला मतदाता एवं 36 अन्य मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई है।

रतलाम में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएं

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर के नागरिकों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रबंध किया जाना चाहिए। रतलाम में भी इंदौर

प्रेस वार्ता में महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी ने कहा

के भागीरथपुरा के जैसा हादसा होने का इंतजार नहीं करना चाहिए। पिछले दो दिन में हुई बे मौसम की बारिश से किसानों की करोड़ों रुपए की फसल नष्ट हो गई है। इन किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने के लिए तत्काल सर्वे शुरू किया जाएं।

उक्त बात पत्रकारों से चर्चा करते हुए मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कही। उन्होंने कहा कि रतलाम के ग्रामीण क्षेत्र में सरकार की नल जल योजना के

अंतर्गत ग्रामीण को पीने के लिए जो जल उपलब्ध कराया जा रहा है उसकी जांच करना जरूरी है। मुझे यह जानकारी है कि कई गांव में इस योजना के तहत जो पानी उपलब्ध कराया जा रहा है वह दुषित है। रतलाम नगर में भी ड्रेनेज की लाइन का चौक होना एक आम बात बना हुआ है। इंदौर के भागीरथपुरा के जैसा हादसा होने से रतलाम में रोकने के लिए अभी से कड़े प्रबंध किए जाने की आवश्यकता है। यह ध्यान देना चाहिए कि इंदौर के भागीरथपुरा में जब हादसा हुआ तो उसमें अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन सरकार 20 मौत से ज्यादा मानने को तैयार नहीं है। कांग्रेस के द्वारा विधानसभा में नागरिकों के हित में आवाज उठाने के बाद भी सरकार ना तो इस मामले की चर्चा करना चाहती है और ना ही अब तक यह निश्चित हो सका है कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। ऐसे में रतलाम के लोगों को भी यह समझ लेना चाहिए कि प्रदेश की सरकार उन्हें शुद्ध जल देने के लिए आगे नहीं आएगी। उन्हें खुद ही शुद्ध पीने का पानी प्राप्त करने के लिए नगर निगम पर दबाव बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शहर व आसपास के उद्योगों के द्वारा केमिकल वेस्ट फैला दिए जाने के कारण जल दूषित हो रहा

जावरा में हुआ भ्रष्टाचार

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा जावरा फाटक अंडर ब्रिज से जो चार लाइन सड़क का निर्माण किया गया है, उसने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार कंपनी इंदौर की पृथ्वी इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा मिलकर 17 करोड़ की राशि से घटिया निर्माण किया गया है। सेंट्रल लाइट की अंडरग्राउंड केबल लाइन को ऊपर से डालकर उस पर सीमेंट भर देना भ्रष्टाचार का प्रमाण है। बहुत जरूरी है कि यह पूरा मामला जांच के लिए लोकायुक्त को सौपा जाएं।

50 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक एवं विद्युत सज्जा कार्य का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

सैलाना। नगर में 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित पेवर ब्लॉक निर्माण एवं विद्युत सज्जा कार्य का गुरुवार देर शाम विधिवत लोकार्पण किया गया। यह कार्य नगर के प्रमुख

नगर में विकास की गति निरंतर जारी रहेगी : पूर्व विधायक गेहलोत

मार्ग घंटाघर चौराहा से सरोजदेवी गेहलोत पेट्रोल पंप तक संपन्न किया गया है, जिससे क्षेत्र की सूरत और सुविधा दोनों में उल्लेखनीय सुधार होगा।

लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत तथा नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य लक्की शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत ने कहा कि नगर परिषद में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस और भाजपा पार्षद हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग

करते हैं। इसी कारण नगर में विकास कार्य दिखाई दे रहे हैं। गेहलोत ने पूर्व परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, नम्रता राठौर के साथ वर्तमान अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला के कार्यकाल तक विकास के सफर का सिलसिलेवार ब्यौरा बताते हुए कहा कि मेरे विधायकी कार्यकाल में भी ऐसे अनेक कार्य स्वीकृत करवाए गए जो धीरे धीरे मूर्तरूप ले रहे हैं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण आप सबके सामने हैं।

नगर परिषद में सभी पार्षद इस विकास की श्रृंखला में साथ देने में कभी पीछे नहीं हटे हैं और नगर की जनता ने हमे जो सेवा का मौका दिया हैं तब हमारा भी कर्तव्य है की हम उनकी समस्याओं का समाधान करें।

नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य लक्की शुक्ला ने कहा कि परिषद नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य नगर में प्रगति पर हैं। घंटाघर से पेट्रोल पंप तक लगाए गए पेवर ब्लॉक से जहां आमजन को आवागमन में सुविधा होगी, वहीं विद्युत सज्जा से क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ी है। रात्रि के समय नई लाइटिंग व्यवस्था से मार्ग अधिक सुरक्षित और आकर्षक दिखाई देगा। यह कार्य भाजपा एवं कांग्रेस पार्षदों के नगर विकास में भागीदारी व सहयोग से ही संभव हो पाया है।

कार्यक्रम में श्रीकृष्ण कॉलोनी को अवैध से वैध घोषित करवाने एवं कालोनीवासियों को नगर परिषद की समस्त सुविधाये प्रदान करने पर कालोनी रहवासियों ने पूर्व विधायक एवं परिषद अध्यक्ष का पुष्पमालाओ से स्वागत किया।

कार्यक्रम में पार्षद जगदीश पाटीदार, मुकेश पाटीदार, मंगलेश कसेरा, कुलदीप कुमावत, पार्षद प्रतिनिधि किशोर कसेरा, अखिल राठौड़, अवन्तिलाल चंदेल सहित कांग्रेस पदाधिकारी नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कलेक्टर ने किया आलोट क्षेत्र में निरीक्षण, कई समस्याओं का मौके पर निराकरण

आलोट। प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर मिशा सिंह भी आलोट पहुंची। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और निराकरण करवाया। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैशाली जैन, अनुविभागीय अधिकारी आलोट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आलोट और जिले के समस्त अधिकारियों भी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारी भेजकर ग्रामीणों की समस्याओं की नब्ज टटोली। विभिन्न विभागों के अधिकारी और संबंधित ग्राम पंचायत के समस्त कर्मचारी प्रात: 9 बजे से मौजूद रहे। ग्रामीण की समस्याओं को इकट्ठा करते हुए 1 बजे समस्त अधिकारी समस्याओं को लेकर मुख्य केंद्र ग्राम पंचायत भोजाखेडी पर एकत्रित होकर समस्याओं को जाना और मौके पर निराकरण किया।

कलेक्टर एकीकृत माध्यमिक विद्यालय जोयन पहुंची। यहां बच्चों के शिक्षा स्तर को जाना व मध्यान भोजन मीनू चेक कर बच्चों के संग ही भोजन किया। प्रात: ग्राम पंचायत रिछा में नोडल अधिकारी खाद एवं नागरिक आपूर्ति निगम के वरिष्ठ अधिकारी ग्राम रिछा में पहुंचे। उप सरपंच गीताबाई परमार द्वारा ग्राम में शमशान घाट जीर्णोद्धार व बाउंड्री वाल की मांग की एवं हाई स्कूल विद्यालय के परिसरमें भी बाउंड्री वालों की मांग की। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी को मांग पत्र भिजवाए।

पानी की टंकी पर मौत | **सड़क पर बैठकर टीआई ने दी समझाइश, हरियाखेडा सरपंच और आईए पुलिस कटघरे में**

पहले सड़क फिर एंबुलेंस में शव रख सिटी ओवर ब्रिज किया जाम

नवभारत न्यूज

जावरा। विधानससा की पिपलोदा तहसील में फांसी लगाने से पहले लक्ष्मीचंद्र पिता कनीराम भील ने आरोप लगाया था कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया, सरपंच पक्ष के लोगों और आईए पुलिस ने सांठ-गांठ कर मारपीट की, जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया।

थाने में रातभर पीटा और दबाव बनाया गया कि किसी और का नाम ले ले, उसने अपनी शिकायत में लिखा था कि सरपंच के दबाव के कारण पुलिस उसकी नहीं सुन रही और उसे उल्टी गंभीर धमकियां दी जा रही हैं। फांसी लगाने से पहले अधेड युवक ने जिस टंकी पर फांसी लगाई वहा साफ-साफ सरपंच लिखा था। टंकी के चढ़ाव पर भी सरपंच लिखा दिखाई दे रहा हैं, वहीं टंकी के ऊपर भी जिसमें पुलिस नहीं सुनती हैं साफ साफ लिखा हैं। बाद मे किसी के कहने

पर इन्हे बिगाडा गया। दोपहर 12 बजे के करीब सिविल अस्पताल में शव का पीएम होने के बाद आक्रोशित परिजन और समाज के लोग सिटी ओवर ब्रिज पर पहुंचे और सडक पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे।

आईए थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान भी आक्रोशित लोगों के साथ सड़क पर नीचे बैठ गए और समझाइश देने मे लग गए।

हालांकि शव को बाद में मौके पर खड़ी एंबुलेंस में रखवा दिया गया और सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार के मौके पर पहुंचते ही परिजनों ने ओवरब्रिज फिर से जाम कर दिया। आक्रोश बढ़ता देख जिला पुलिस कप्तान ने केवल एएसआई आशीष मांगरीया को लाइन अटैच करते हुए हरियाखेडा सरपंच को राउंड अप किया और पिता और भाई की तलाश शुरू कर दी।

इधर, जाम के चलते स्कूल से आने-जाने वाले बच्चों को परेशानियां उठानी पड़ी। एग्जाम होने के चलते बच्चे टिफिन भी नहीं ले गए थे। काफी देर तक जाम नहीं खुलने के बाद स्कूल वाहन फोरलेन होते हुए चौपाटी और सिटी क्षेत्र तरफ पहुंचे।

सरपंच राउंडअप, पिता और भाई की तलाश मे पुलिस: उल्लेखनीय है कि हरियाखेड़ा सरपंच को पूर्व में भी ईओडब्ल्यू ने रिश्वत मामले में ट्रेप किया था। ग्रामीणों के अनुसार मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में सरपंच जितेंद्र पिता पुरुषोत्तम, सरपंच के पिता पुरुषोत्तम पाटीदार और भाई लोकेश पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108, 3 (5) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (वीए) के तहत प्रकरण कायम किया है। सरपंच जितेन्द्र पाटीदार को राउंडअप कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। ओवर ब्रिज पर सीएसपी युवराजसिंह चौहान, पिपलौदा तहसीलदार देवेन्द्र दानगढ़, नायब तहसीलदार वैभव जैन, ओद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

आईए पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीण

गांव में तनाव का माहोल बन गया। परिजन और ग्रामीण आईए पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। प्रशासन के लिए यह मामला कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती बनता दिख रहा हैं। परिजनों के अनुसार हरीयाखेडा निवासी मृतक लक्ष्मीचंद ने जिला पुलिस कप्तान के नाम नौ दिन पूर्व 12 फरवरी को शिकायत का आवेदन दिया था। आवेदन में बताया था कि 11 फरवरी की मध्य रात करीब 1 बजे वह खेत में फसल को पानी पिलाने का काम कर रहा था तभी अज्ञात चोर आए और खेत में लगी झटका मशीन से करंट की चपेट में आ गए। मेने जाकर तुरंत बटन दबाकर मशीन को बंद किया, तभी अचानक 8 से 10 युवकों ने मारपीट शुरू कर दी और खेत में लगी मशीने को कुएं में फेंक दिया। घटना के बाद सरपंच ने उल्टा मृतक पर ही चोरी का आरोप लगाकर थाने में बंद करवा दिया। जमानत मिलने के बाद युवक ने सरपंच और उनके परिवार के तीन लोगों के खिलाफ औद्योगिक क्षेत्र थाने में आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

लाखों की एमडी ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार

जावरा। मानन खेडा चौकी पुलिस 200 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी कीमत 20 लाख रुपए आंकी है। शुक्रवार को मुखबिर से सूचना पर रात्रि को 9 बजे के लगभग होंडा शाइन मोटरसाइकिल एमपी 43, जेट 0721 पर पिपलिया जोधा तरफ से अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में माननखेड़ा चौराहे पर घेराबंदी कर मोटरसाइकिल को रोका। फैजान पिता रफीक खान पठान (22) निवासी रिंगनोद को गिरफ्तार किया। निरीक्षक आनंद आजाद, माननखेड़ा चौकी प्रभारी राजेश मालवीय, प्रआ राहुल उपाध्याय, आर. घनश्याम कुमावत, संतोष कुमार, अनिल डांगी, जितेंद्र व्यास, नरेंद्रसिंह, सैनिक जालम सिंह, शांतिलाल बामनिया का योगदान रहा।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम
विंध्याचल भवन, भोपाल (म.प्र.)-462004

आम-सूचना

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम की ग्राम बिरियाखेड़ी, जिला-रतलाम, आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक ए-12 आकार 135.00 वर्गमीटर निगम द्वारा श्रीमती शालिनी लोणकर पति स्व.श्री सदाशिव लोणकर के नाम पर आवंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय-विलेख दिनांक 17.01.2012 को पंजीकृत है। श्रीमती शालिनी लोणकर का स्वर्गवास दिनांक 19.03.2021 को हो गया है। स्व.श्रीमती शालिनी लोणकर के पुत्र श्री योगेश लोणकर ने माता-पिता का मृत्यु-प्रमाण पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं सक्षम जिला न्यायाधीश, रतलाम (म.प्र.) द्वारा दिनांक 16.10.2025 को जारी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त संपत्ति का स्वंय के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी /संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं निगम नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

प्रबंध संचालक
म. प्र. राज्य कर्मचारी आवास निगम भोपाल